संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, रॉची–4

सत्र (2020–21)

कक्षा – 5 | पाठ – 15 | पुस्तक – दिव्य भारती

विषय – हिंदी | योग रखे निरोग

---

1. शब्दार्थ लिखिए :–
    1.) चिकित्सा–कक्ष – इलाज का कमरा
    2.) सहज–साध्य – जो आसानी से हो सके
    3.) सुलझाना – हल करना
    4.) व्यय – खर्च
    5.) अनिवार्य – जरूरी
    6.) सत्र – कार्यकाल
2. प्रश्न–उत्तर
    प्रश्न– 1 अध्यापक छात्र को कहाँ लेकर गए ?
    उत्तर– अध्यापक छात्र को चिकित्सा कक्ष लेकर गए।
    प्रश्न– 2 श्री जयदेव कौन थे ?
    उत्तर– श्री जयदेव स्कूल के शारीरिक–शिक्षा के अध्यापक थे।
    प्रश्न– 3 आजकल के बच्चों की क्या समस्या है ?
    उत्तर– आजकल के बच्चों की समस्या यह है कि वे न तो समय पर खाते है और न खेल–कूद की ओर ध्यान देते है।
    प्रश्न– 4 किस विषय को सब कक्षाओं के लिए अनिवार्य बनाया गया ?
    उत्तर– योग विषय को सब कक्षाओं के लिए अनिवार्य बनाया गया।
    प्रश्न– 5 आजकल के बच्चे जल्दी बीमार क्यों होते है ?
    उत्तर– आजकल के बच्चों के खान–पान और रहन–सहन के कारण बच्चे जल्दी बीमार होते है।
    प्रश्न– 6 प्रार्थना–सभा में छात्र क्या गा रहे थे ?
    उत्तर– प्रार्थना–सभा में छात्र राष्ट्रगान गा रहे थे।
    प्रश्न– 7 डॉक्टर ने छात्र को खाने के लिए क्या दिया ?
    उत्तर– डॉक्टर ने छात्र को खाने के लिए बिस्कुट दिया।
    प्रश्न– 8 अध्यापक ने किसका प्रशिक्षण लिया हुआ था ?
    उत्तर– अध्यापक ने योग का प्रशिक्षण लिया हुआ था।
    प्रश्न– 9 योगासनों का सबसे बड़ा गुण क्या है ?
    उत्तर– योगासनों का सबसे बड़ा गुण यह है कि वे सहज–साध्य है।
3. किसने, किससे कहा ?
    1. "तुम सुबह क्या खाकर आए थे ?"
       उत्तर– प्रधानाचार्य जी ने बच्चे से कहा।
    2. "खेलने के लिए समय ही नही होता।"
       उत्तर– छात्र ने अध्यापक श्री जयदेव से कहा।
    3. "इस समस्या को किस प्रकार सुलझाया जा सकता है।"
       उत्तर– प्रधानाचार्य जी ने अध्यापक श्री जयदेव से कहा।
4. सही मिलान कीजिए :–
    1 – ड़   3 – क   5 – ध
    2 – ग   4 – ख

———— x ———— x ————